द्वारा ई–मेल/सीसीटीएनएस/अति महत्वपूर्ण

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रांक–टीएस–सीसीटीएनएस–87/2014–3 दिनांकःलखनऊःसितम्बर 06, 2018

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद, उत्तर प्रदेश।

समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।

विषयः–सीसीटीएनएस पोर्टल के अन्तर्गत OCIS में ऐसे अपराध जिसमें गिरोह बनाकर घटनायें की जा रही हैं उन अभियोगों की सम्बन्धित थाना प्रभारी तथा प्रभारी डी0सी0आर0बी0 द्वारा गिरोह के समस्त सदस्यों से सम्बन्धित सूचनायें शत–प्रतिशत दर्ज किये जाने विषयक।

सन्दर्भः–समांक पत्र दिनांकित 05.09.2018

ज्ञातव्य हो कि सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपराधियों से सम्बन्धित सूचनायें दर्ज करने की व्यवस्था है। सीसीटीएनएस पोर्टल के अन्तर्गत Organised Crime Intelligence System (**OCIS**) में ऐसे अपराध जिसमें गिरोह बनाकर घटनायें की जा रही हैं जैसे चोरी, नकबजनी, हत्या, जहर खुरानी, वाहन लूट, ट्रक लूट, टप्पेबाजी, स्नैचिंग, साइबर अपराध, लूट, डकैती इत्यादि करने वाले अपराधियों के गैंग प्रकाश में आ रहे हैं जिससे सम्बन्धित OCIS में सम्बन्धित गिरोह की पूर्ण सूचना सम्बन्धित थाना प्रभारी तथा प्रभारी डीसीआरबी द्वारा दर्ज कराया जाना आवश्यक है।

2. इस परिप्रेक्ष्य में OCIS के मुख्य डाटा में फीडिंग के लिए संलग्नक–1 के अनुसार अंकित 35 प्रकार के गिरोहों के विरूद्व विभिन्न प्रकार के अपराधियों की गिरफ्तारी की जाती है। इस सम्बन्ध में अनुरोध है कि जनपद प्रभारी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक अपने स्तर से सम्बन्धित कम्प्यूटर आपरेटर, थाना प्रभारी, जनपदीय डी0सी0आर0बी0, अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित क्षेत्राधिकारियों को OCIS में फीडिंग करने

के लिए मुख्य डाटा में 35 प्रकार के गिरोहों के विरूद्व विभिन्न प्रकार के अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित पूर्ण सूचना को अंकित किये जाने के लिए जागरूकता अभियान हेतु एक कार्यशाला आयोजित कर OCIS में फीडिंग करने के लिए निर्देशित करें साथ ही इसका पर्यवेक्षण भी नियमित रूप से करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकःयथोपरि।</u>

6/9

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ

प्रतिलिपि–

1. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. श्री कृष्ण मुरारी/ रामदूत, सुश्री तरू माथुर, प्रोग्रामर ग्रेड–2 उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे इस सम्बन्ध में समस्त कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) को अपेक्षित सहयोग प्रदान कर अनुपालन कराना सुश्चित करें।
3. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यूमेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
4. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल/वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

Gang Activity Type Master	
Sr.No	ACTIVITY_TYPE
1	संरक्षण गिरोह
2	वेश्यावृत्ति गिरोह
3	स्त्रियों को वेश्यावृत्ति के लिए खरीदना व बेचना
4	स्त्रियों को घरेलू नौकरानी/दासता के लिए बेचना एवं खरीदना
5	बच्चों को वेश्यावृत्ति के लिए बेचना एवं खरीदना
6	बच्चों को भीख मांगने के लिए खरीदना एवं बेचना
7	बच्चों को ऊंट दौड़ के लिए खरीदना व बेचना
8	व्यस्कों एव शिशुओं का खरीदना एवं बेचना
9	अनुबन्ध हत्याएं (सुपारी हत्याएं)
10	अनुबन्ध बेदखली/बलपूर्वक कब्जा
11	स्वापक औषधि और वर्जित वस्तुओं की तस्करी
12	अवैध शस्त्रों का निर्माण/बन्दूक चलाना/विस्फोटक
13	जाली मुद्रा
14	अवैध शराब
15	बन्दरगाहों और यार्डों से उठाईगिरी
16	मानव अगों के व्यापार में लिप्त
17	मोटर वाहनों की चोरी
18	खसोटना या लूटना
19	सांस्कृतिक/वन्यजीव उत्पाद
20	महिलाओं और बच्चों के अपहरण से सम्बन्धित
21	चलित रेल में सक्रिय गिरोह
22	आंतकवादी/युद्धोन्मादी/सकलविद्रोह क्रियाकलाप
23	फिरौती के लिए अपहरण
24	आग्नेयास्त्र या यूरेनियम जैसे संवेदनशील पदार्थ की तस्करी
25	मटका जुआ/सट्टा
26	बैंक जालसाजी
27	काले धन का शोधन
28	अवैध आप्रवास
29	सूदखोर
30	शेयर से सम्बन्धित अपराध जैसे हेराफेरी
31	संगठित प्रदर्शनी/ अश्लील साहित्य का प्रकाशन/ वीडियो उपकरण
32	अन्य
33	निविदा फिक्सिंग
34	डकैती
35	लूट